आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 17.08.2025 समय 1830

**पहले मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- बागेश्वर जिले के हड़बाड क्षेत्र में जमीन धंसने से 9 मकान क्षतिग्रस्त हुए। जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया।
- राज्यमंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण गठित करने का फैसला लिया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो सौ 20 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 11 हजार करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में सडक संपर्क में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इन परियोजनाओं में द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क–यूईआर–2 शामिल हैं। ये परियोजनाएं राष्ट्रीय राजधानी में भीड़भाड़ कम करने की सरकार की व्यापक योजना के अंतर्गत विकसित की गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में सडक संपर्क में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इन सड़क परियोजनाओं से दिल्ली की इनर और आउटर रिंग रोड के साथ–साथ मुकरबा चौक, धौला कुआँ और एनएच–9 जैसे व्यस्त स्थानों पर यातायात सुगम हो जाएगा।

**राज्यमंत्रिमंडल की बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज राज्य सचिवालय में राज्यमंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में जिसमें कुल पांच प्रस्ताव पर राज्यमंत्रिमंडल ने मुहर लगाई। बैठक में 19 अगस्त से भराड़ीसैंण विधानसभा में होने वाले मानसून सत्र में पेश होने वाले विधेयक और अध्यादेश के प्रस्ताव रखे गए। साथ ही बैठक में यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण के समय को बढ़ाने की सहमति दी गई। अब यूसीसी के नियम के तहत जनवरी 2026 तक लोग पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा कल्याण बोर्ड के गठन के प्रस्ताव पर सहमति दी गई है। बैठक में विधानसभा सत्र में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 विधेयक लाने का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत अब सिख,

जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। मंत्रिमंडल की बैठक में सेवा नियमावली से संबंधित प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई।

**भू धंसाव**

लगातार हो रही मानसूनी बारिश ने बागेश्वर जिला मुख्यालय के समीपवर्ती जाख–हड़बाड़ क्षेत्र में हुई भारी बारिश से जमीन धंस गई जिससे 9 परिवारों के मकान खतरे की जद में आ गए हैं। जिनमें से 7 परिवारों को जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं पंचायत घर हड़बाड में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। सभी प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से राजस्व उपनिरीक्षक की देखरेख में राहत सामग्री और खाद्यान्न किट उपलब्ध कराई गई है। क्षेत्र में पेयजल लाइन और विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग और जल संस्थान को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए है। रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण और सचिव आलोक पांडे ने बताया कि आपदा से हड़बाड क्षेत्र में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आपदा पीड़ित कमला देवी ने बताया कि उनको प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान मिला था वह बारिश से पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है।

**राष्ट्रीय गोष्ठी**

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ कल से नई दिल्ली में 30वीं राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित करेगी। यह विद्यापीठ आयुष मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। आयुष मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि इस वर्ष का विषय है– आयुर्वेद के माध्यम से बाल चिकित्सा में रोग और कल्याण का प्रबंधन। मंत्रालय ने कहा कि दो दिन की इस गोष्ठी में जाने माने शिक्षाविद्, चिकित्सक, शोधकर्ता और छात्र, बाल स्वास्थ्य तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक आयुर्वेदिक और समकालीन साक्ष्य–आधारित पद्धतियों के बारे में विचार–विमर्श करेंगे।

**नियुक्ति पत्र बांटे**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 2 सौ 20 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को मेहनत और ईमानदारी से काम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल विरोधी कानून लाने के बाद पारदर्शी तरीके से राज्य में प्रतियोगी परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शहरों के साथ–साथ दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री धामी ने कहा कि सरकार द्वारा पिछले 4 वर्षों में 24000 से अधिक युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरी दी गई है।

## मौसम

प्रदेश के कुछ स्थानों पर रूक, रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 20 अगस्त तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ क्षेत्रों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और नैनीताल जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज बारिश होने की संभावना हैं। वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते श्रीनगर में अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से अगले 24 घंटे में राज्य के बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग, टिहरी और उत्तरकाशी में बाढ़ के खतरे की आशंका है। सभी जिलाधिकारियों को इसके संबंध में पत्र भेजते हुए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्पेशल ट्रेन

रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ''आरआरबी'' के लिए परीक्षा को लेकर दून– बरेली के बीच 18 अगस्त से स्पेशल ट्रेन चलेगी और यह ट्रेन 13 फेरे लगाएगी। आरआरबी की परीक्षा आज से शुरू हो गई है जो नौ सितम्बर तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को सहूलियत देने के लिए यह स्पेशल ट्रेन आज शाम पांच बजे बरेली से देहरादून के लिए चलगी और 18 अगस्त सुबह देहरादून पहुंचेगी और यह ट्रेन शाम सात बजे बरेली के लिए रवाना होगी।

## घी संक्रांति

आज लोकपर्व घी संक्रांति (घ्यू त्यार) त्योहार मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को पारंपरिक लोकपर्व घी संक्रांति (घ्यू त्यार) की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्री धामी ने कहा कि हमारे लोकपर्व न केवल हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली अमूल्य धरोहर भी हैं। गौरतलब है कि घी–त्यार बीजों के नई फसलों में बालियों के रूप में फलीभूत हो जाने–लहलहाने पर उत्साहपूर्वक मनाया जाने वाला एक लोक पर्व है। इस पर्व तक पहाड़ों में अखरोट, सेब, माल्टा, नारंगी आदि फलों के साथ ही ककड़ी (खीरा), लौकी आदि सब्जियां तैयार होने लगती हैं। अखरोट की नई फसल के फलों को भी इसी दिन से खाना शुरू करने की परंपरा है। वही इस दिन गाय के घी को प्रसाद स्वरुप सिर पर रखा जाता है और छोटे बच्चों की तालू (सिर के मध्य) में भी मला जाता है। माना जाता है कि भोजन के साथ ही सिर पर घी मलने से बच्चे शरीर के साथ ही मस्तिष्क भी मजबूत बनता है।

## श्रमिकों को सहायता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के 8 हजार 2 सौ 99 पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवारों को डीबीटी के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" को साकार करने की दिशा में यह कदम श्रमिक वर्ग के सशक्तिकरण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक श्रमिक और उसके परिवार को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक संबल से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग प्रदेश के विकास की रीढ़ है और हमारी सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है।